राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
Www.vishalindia.in




# विशाल इंडिया

सच्चाई की राह पर!
गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित
वर्ष : 14
अंक : 365
पृष्ठ : 08
गौतमबुद्धनगर
गुरुवार 27 नवंबर 2025
मूल्य :2 /-
RNI No .UPHIN/2014/55236

मुख्य अपडेट
पेज 3 तेज रफ्तार का कहर, डंपर ने ई-रिक्शा को मारी टक्कर, 2 की मौत
पेज 4 आरोप : पुलिस की लापरवाही से गई युवक की जान, तीन
पेज 6 टीम अपने खिताब का बचाव करने की तैयारी कर रही है

## संक्षिप्त खबरें

### बंगाल पुलिस के एएसआई पर महिला ने दुष्कर्म-ब्लैकमेल का लगाया आरोप

**कोलकाता।** बंगाल पुलिस के एक असिस्टेंट सब-इंस्पेक्टर (एएसआइ) पर उत्तर 24 परगना जिले के बारानगर थाने में पोस्टिंग के दौरान एक हाउसवाइफ महिला को ब्लैकमेल करके कई बार दुष्कर्म करने का आरोप लगा है। पुलिस ने बुधवार को बताया कि महिला की शिकायत पर आरोपित पुलिसकर्मी के खिलाफ बारानगर थाने में शिकायत दर्ज कर जांच शुरू की गई है। सूत्रों के मुताबिक, आरोपित पुलिसवाले का नाम संजीव सेन है। उस पर आरोप है कि उसने बारानगर थाने में पोस्टिंग के दौरान यह काम किया। वह अभी पुरुलिया पुलिस लाइन में तैनात है।


### मुंबई एयरपोर्ट पर फर्जी पासपोर्ट के साथ नेपाली महिला गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** पुलिस ने मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से एक नेपाली मूल की महिला को फर्जी भारतीय पासपोर्ट के जरिये ओमान जाने की कोशिश करते गिरफ्तार किया है। महिला विगत सप्ताह मस्कट जाने वाली फ्लाइट में सवार होने के लिए शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के इमिग्रेशन काउंटर पर पहुंची थी। सहार पुलिस थाने के एक अधिकारी के अनुसार, उसने अपना नाम काजल बताया और एक भारतीय पासपोर्ट दिखाया। इसमें उसका जन्म स्थान हिमाचल प्रदेश के नोहरा में दर्शाया गया था। हालांकि, उसके चेहरे के हाव-भाव स्पष्ट रूप से नेपाली लग रहे थे। इससे संदेह पैदा हुआ।



## हैप्पी मॉर्निंग


पलटू- अंकल, मुझे पीएचडी की डिग्री मिल गई है, अब आप मेरा उधारी वाला खाता निकालो।
दुकानदार- अरे बहुत अच्छा, आज सारा हिसाब चुकता करोगे क्या?
पलटू- नहीं अंकल, बस खाते में मेरे नाम के आगे डॉक्टर लगा दो।



## शायरी

है आज रुख़ हवा का मुआफ़िक़ तो चल निकल
कल की किसे ख़बर है किधर की हवा चले

## अर्थसार




सेंसेक्स:
85,609.51
+1,022.50 (1.21%)
निफ्टी:
26,205.30
+320.50

## मौसम



अधिकतम : 23 डिग्री से0
न्यूनतम : 08 डिग्री से0
सूर्योदय शुक्रवार : 6 : 58
सूर्यास्त गुरुवार : 5 : 25




# अप्रैल 2026 से 7 दिन में क्रेडिट स्कोर अपडेट होगा

## आरबीआई ने ड्राफ्ट गाइडलाइंस जारी की, गलत रिपोर्ट देने पर क्रेडिट कंपनियों पर जुर्माना भी

**नई दिल्ली।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने देश के ऋण (लोन) ढांचे को मजबूत करने के लिए बुधवार को ड्राफ्ट गाइडलाइंस जारी की। ये 1 अप्रैल 2026 से लागू होंगी।

अब क्रेडिट स्कोर के अपडेट होने के लिए लंबा इंतजार नहीं करना पड़ेगा। सभी क्रेडिट इन्फॉर्मेशन कंपनियों को हर 7 दिन में क्रेडिट स्कोर अपडेट करना होगा। अभी स्कोर 15 दिन में एक बार अपडेट होता है।

CICS को हर महीने 7, 14, 21 और 28 तारीख को और महीने के आखिरी दिन तक का डेटा अपडेट रखना होगा। बैंक हर महीने की 3 तारीख तक डेटा भेजेंगे।

इन 4 तारीखों पर नया बदलाव यानी इंक्रीमेंटल डेटा भेजा जाएगा। जैसे- अकाउंट खुलना, बंद होना, क्रेडिट स्कोर प्रभावित करने वाला बदलाव या लोन स्टेटस में बदलाव जैसा डेटा शामिल है।

### बदलाव से 4 सीधे फायदे

लोन या क्रेडिट कार्ड क्लोजर की सूचना बैंक को उसी दिन सिबिल को करनी होगी। पहले हफ्तों-महीनों लगते थे। ग्राहक को लोन मिलने में दिक्कत होती थी।

बैंक और एनबीएफसी ग्राहक की परमिशन के बिना क्रेडिट रिपोर्ट एक्सेस नहीं कर सकते। इससे सिबिल स्कोर अनावश्यक नहीं गिरेगा। क्रेडिट प्रोफाइल सुरक्षित रहेगी।

गलत रिपोर्टिंग, सुधार में देरी या बिना अनुमति क्रेडिट जांच पर भारी जुर्माना तय किया है। इससे बैंक क्रेडिट डेटा को अधिक सटीक और अपडेटेड रखने को मजबूर होंगे और ग्राहकों को तेजी से स्कोर सुधार मिलेगा।

बैंकों को ताजा क्रेडिट रिपोर्ट मिलेगी, जिससे जोखिम का बेहतर




आकलन होगा। लोन की कीमत यानी ब्याज दर, अमाउंट और टेन्योर सही तरीके से तय कर पाएंगे।

### क्रेडिट स्कोर होता क्या है...

क्रेडिट स्कोर में लोन अकाउंट (क्रेडिट कार्ड और लोन) की जानकारी, दिवालिया होने और देर से भुगतान (यदि हो तो) के साथ एक व्यक्ति का क्रेडिट रिकॉर्ड शामिल हैं।

मतलब ये रिपोर्ट बताती है कि आपने कब-कब लोन या क्रेडिट कार्ड के लिए आवेदन किया, आपको किस-किस बैंक या लोन संस्थान से लोन या क्रेडिट कार्ड मिला और आपने लोन या क्रेडिट कार्ड ईएमआई और बिल का भुगतान समय पर किया या नहीं।

क्रेडिट रिपोर्ट में शामिल एक अन्य महत्वपूर्ण जानकारी उन बैंकों / NBFC की लिस्ट है, जिन्होंने आपकी क्रेडिट रिपोर्ट की जांच की है। वर्तमान में भारत में लाइसेंस प्राप्त क्रेडिट क्रेडिट इन्फॉर्मेशन कंपनियों द्वारा क्रेडिट रिपोर्ट जारी की जाती हैं।

# आर्मेनिया ने भारत से तेजस जेट खरीदने का समझौता रोका

**दुबई क्रैश के बाद फैसला; 10 हजार करोड़ में 12 विमान की डील होनी थी**

**नई दिल्ली।** आर्मेनिया ने भारत से तेजस फाइटर जेट खरीदने की बातचीत फिलहाल रोक दी है। इजराइली मीडिया यरुशलम पोस्ट के मुताबिक यह फैसला 21 नवंबर को दुबई एयरशो में तेजस के क्रैश होने के बाद लिया गया।

इस हादसे में भारतीय पायलट विंग कमांडर नमांश स्याल की मौत हो गई थी।

आर्मेनिया, भारत से करीब 1.2 बिलियन डॉलर (10 हजार करोड़) में



12 तेजस विमान खरीदने की तैयारी कर रहा था। यह डील लास्ट स्टेज में थी। ये तेजस की पहली विदेशी डील हो सकती थी।

हालांकि इस पूरे मामले पर आर्मेनिया सरकार की तरफ से कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। भारत सरकार ने भी अभी तक इस रिपोर्ट पर कोई टिप्पणी नहीं की है।

# 5 राज्यों में कोहरा छाया

- एमपी में सर्दी बढ़ी, राजस्थान में आज बारिश
- हिमाचल के 12 शहरों का तापमान 5 से नीचे

**भोपाल/जयपुर/देहरादून।** पहाड़ी राज्यों की हल्की बर्फबारी से मैदानी इलाकों में सर्दी फिर से बढ़ने लगी है। मध्य प्रदेश में अगले 48 घंटे कड़ाके की सर्दी रहेगी। भोपाल, इंदौर, उज्जैन समेत कई जिलों के तापमान में 2-3 डिग्री गिरावट आ सकती है।

राजस्थान में आज से बारिश होने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार उदयपुर, जोधपुर, अजमेर संभाग के जिलों में हल्की बारिश हो सकती है। इससे सर्दी बढ़ेगी। हिमाचल



के 12 शहरों का तापमान 5 डिग्री सेल्सियस से नीचे चला गया है। लाहौल स्पीति के ताबो का न्यूनतम तापमान माइनस 6.8 डिग्री दर्ज किया गया है।

राज्य में अगले कुछ दिनों में बर्फबारी की संभावना है। भारत मौसम विभाग के अनुसार गुरुवार को दिल्ली, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ में कोहरा छाएगा। वहीं केरल, तमिलनाडु और पुडुचेरी में बारिश का अलर्ट है।

# हरियाणा में 1.17 करोड़ में बिकी वीआईपी नंबर प्लेट

**नीलामी में एचआर 88 बी 8888 की सबसे बड़ी बोली लगी; देश का सबसे महंगा व्हीकल नंबर**

**सोनीपत।** हरियाणा में वीआईपी नंबर प्लेटों की ऑनलाइन नीलामी में एक बार फिर रिकॉर्ड टूट गया। फैंसी नंबर एचआर88बी8888 ने बोली के दौरान 1.17 करोड़ रुपए का आंकड़ा छू लिया।

यह अब तक का देश का सबसे महंगा माना जा रहा नंबर है। ये नंबर चरखी दादरी के बाढड़ा का है।




बुधवार को हरियाणा की साप्ताहिक ऑनलाइन नीलामी में यह नंबर प्लेट सबसे चर्चित रही। इस नंबर के लिए कुल 45 लोगों ने आवेदन किया।

# घटिया खाने के विरोध पर थप्पड़ पड़े, लगा दी आग

## वीआईटी में दूसरे दिन भी बवाल, बस और बाइक जलाईं, तोड़फोड़; कैंपस में पैरामिलिट्री तैनात

**सीहोर।** मध्य प्रदेश के सीहोर स्थित वीआईटी (वेल्लोर इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी) यूनिवर्सिटी में छात्रों का उग्र प्रदर्शन बुधवार को भी जारी रहा। सुबह यूनिवर्सिटी की बिल्डिंग में कुछ छात्रों ने फिर आग लगा दी।

हालात बिगड़ते देख कैंपस में पैरामिलिट्री फोर्स तैनात कर दी गई। स्वास्थ्य विभाग की टीम को भी कैंपस में बुलाया गया। टीम ने मेडिकल टेस्ट के लिए सभी छात्रों के ब्लड सैंपल लिए।

छात्रों ने बताया- यूनिवर्सिटी में भोजन और पानी की खराब क्वालिटी के कारण हमारे कई साथियों को पीलिया हो गया है। 100 छात्र अस्पतालों में भर्ती हैं। कुछ की मौत भी हुई है। हमने जब विरोध में आवाज उठाई तो गार्ड ने हमारे साथ मारपीट की। इसका वीडियो भी है।

मारपीट की घटना के बाद मंगलवार रात 4 हजार छात्रों ने कैंपस में



बस और कारों में आग लगा दी। 5 थानों से पुलिस बल बुलाना पड़ा।

### बलवा, आगजनी, तोड़फोड़ का केस दर्ज

आष्टा एसडीओपी आकाश अमलकर के अनुसार, घटना के दौरान कुछ वीडियो मिले हैं, जिसमें कुछ वार्डन/ गार्ड छात्रों के साथ मारपीट करते दिख रहे हैं। मामले में प्रशांत कुमार पांडे एवं अन्य के खिलाफ बलवा, आगजनी, तोड़फोड़ एवं अन्य धाराओं में केस दर्ज किए गए।

हंगामे के बाद देर रात वीआईटी प्रबंधन ने अचानक सभी छात्रों को मेल भेजा कि कैंपस तुरंत खाली करें, कॉलेज 30 नवंबर तक बंद रहेगा। इसके कुछ समय बाद एक और मेल आया कि छुट्टी बढ़ाकर 8 दिसंबर तक कर दी गई है।

बता दें वीआईटी में करीब 16 हजार छात्र पढ़ते हैं, जिनमें से 10 हजार से ज्यादा छात्र और 2 हजार छात्राएं आठ हॉस्टलों में रहते हैं। मेल मिलते ही छात्रों का घर लौटना शुरू हो गया।

### 41 माआवादियों ने किया सरेंडर

बस्तर। दक्षिण बस्तर के घने जंगलों में बंदूकों की गूंज की जगह अब संवाद और विकास की आवाज सुनाई देने लगी है। राज्य शासन की नक्सल उन्मूलन एवं पुनर्वास नीति पूना मारगेम- पुनर्वास से पुनर्जीवन के प्रभाव से बुधवार को बीजापुर जिले में 41 इनामी माओवादियों ने आत्मसमर्पण कर समाज की मुख्यधारा में लौटने का निर्णय लिया। इन पर कुल मिलाकर एक करोड़ 19 लाख रुपये का इनाम घोषित था।

## संविधान दिवस




बेंगलुरु के विधान सभा में संविधान दिवस समारोह के अवसर पर रैली के दौरान राष्ट्रीय ध्वज थामे छात्र।

# विदेश भागे आरोपी को वापस लाना देश का अधिकार : सुप्रीम कोर्ट

## 153 केस वाले आरोपी की याचिका खारिज, एफआईआर डिटेल लेने दुबई से आना पड़ेगा

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को कहा कि कानून से बचने के लिए विदेश भागे आरोपियों को वापस लाने का देश को पूरा अधिकार है। कोर्ट ने दुबई में रहने वाले विजय मुरलीधर उधवानी की याचिका पर सुनवाई करने से मना कर दिया। इसमें उधवानी ने भारत से श्व को भेजी गई उन्हें वापस लाने की रिक्वेस्ट (एक्सट्रडिशन रिक्वेस्ट) हटाने की मांग की थी।

जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच ने सुनवाई के दौरान पिटीशनर की दलीलें मानने से इनकार कर दिया और कहा कि अगर उसे स्नढ्ढक्रकी पूरी जानकारी चाहिए तो उसे भारत आकर लेनी होगी।

उधवानी पर गुजरात में 153 आपराधिक केस दर्ज हैं, जिनमें शराब की तस्करी और गैंग की तरह गैर-कानूनी काम करने के आरोप भी शामिल हैं। वह जुलाई 2022 में दुबई जाने के बाद से भारत नहीं लौटा है। उसके खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस भी जारी किया गया है।

### वकील ने कहा- आरोपी के पास पासपोर्ट नहीं

आरोपी के वकील ने कहा कि उसके पास पासपोर्ट नहीं है और वह भारत वापस आना चाहता है। इस मामले में एक सह-आरोपी की पुलिस कस्टडी में मौत हो चुकी है, इसलिए उधवानी अपनी सुरक्षा को लेकर डरा हुआ है। उसने यह भी मांग की थी कि भारत लौटने पर उसे सीसीटीवी निगरानी वाली कस्टडी में रखा जाए।



बेंच ने इन दलीलों पर विचार करने से इनकार किया और कहा कि अधिकारी उसे भारत लाने में सक्षम हैं। इसके बाद वकील ने याचिका वापस ले ली।

## दिल्ली ब्लास्ट

**डॉ. आदिल-शाहीन को फरीदाबाद लाएगी एनआईए, अब तक 7 आतंकी पकड़े गए**

# दिल्ली ब्लास्ट : सुसाइड बॉम्बर उमर का एक और साथी गिरफ्तार

फरीदाबाद। दिल्ली ब्लास्ट केस में नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी ने सुसाइड बॉम्बर आतंकी डॉ. उमर नबी के साथी शोएब को गिरफ्तार किया है।

शोएब फरीदाबाद के धौज गांव का रहने वाला है। वह अल-फलाह यूनिवर्सिटी में वार्ड बॉय था। उस पर आरोप है कि उसने आतंकी उमर को सामान लाने और ले जाने में मदद की थी।

शोएब ने ही नूंह में उमर को अपनी साली अफसाना के घर में कमरा किराए पर दिलाया था। 10 नवंबर को दिल्ली ब्लास्ट से पहले 10 दिन उमर इसी घर में रहा था। विस्फोट वाले




दिन, वह नूंह से ही दिल्ली के लिए रवाना हुआ था। दिल्ली ब्लास्ट केस में यह सातवीं गिरफ्तारी है। शोएब को स्पेशल कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे 10 दिन की एनआईए हिरासत में सौंप दिया गया।

उधर, पहले आरोपी आमिर की भी आज रिमांड खत्म हो रही थी। एनआईए ने उसे भी कोर्ट में पेश किया और 10 दिन की रिमांड की मांगी। मगर, कोर्ट ने केवल 7 दिन की रिमांड मंजूर की।

### एनआईए डॉ. आदिल और डॉ. शाहीन को अल-फलाह यूनिवर्सिटी लाएगी

उधर, आतंकी मॉड्यूल में शामिल डॉ. मुजम्मिल शकील की निशानदेही के बाद अब जांच एजेंसी ह्वढ्ढ डॉ. आदिल अहमद और डॉ. शाहीन सईद को अल-फलाह यूनिवर्सिटी लाएगी। अभी तक की जांच में सामने आया है कि डॉ. आदिल और डॉ. उमर नबी के बीच कई साल से दोस्ती थी।

आदिल कई बार उमर से मिलने के लिए यूनिवर्सिटी आया था। वह यूनिवर्सिटी के हॉस्टल में उमर के फ्लैट में ही रुकता था। यहां उसकी मुलाकात मुजम्मिल शकील और शाहीन सईद से हुई।

बताया जा रहा है कि आदिल ने ही फतेहपुरा तगा और धौज गांव में विस्फोट जुटाने का आइडिया दिया था, क्योंकि आसपास काफी मुस्लिम आबादी है।

इसके अलावा यहां बगैर किसी कागजी फार्मेलिटी के आसानी से कमरे भी किराए पर मिल जाते हैं।

# आईएएस अफसर संतोष वर्मा को नोटिस

**सरकार ने कहा- ब्राह्मणों की बेटियों पर बयान गंभीर कदाचरण; अनुशासनात्मक कार्रवाई क्यों न की जाए**

**भोपाल।** ब्राह्मणों की बेटियों को लेकर विवादित बयान देने वाले अजाक्स के प्रांताध्यक्ष और आईएएस अधिकारी संतोष कुमार वर्मा को राज्य शासन ने नोटिस जारी किया है। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा बुधवार देर रात जारी नोटिस में कहा गया है कि 23 नवंबर 2025 को भोपाल में हुए अजाक्स के प्रांतीय अधिवेशन में दिया गया बयान भारतीय प्रशासनिक सेवा अधिकारियों से अपेक्षित आचरण के अनुरूप नहीं है। यह अनुशासनहीनता, स्वेच्छाचारिता और गंभीर कदाचरण की श्रेणी में आता है।

नोटिस में कहा गया है कि वर्मा द्वारा अखिल भारतीय सेवाएं आचरण नियम 1967 के नियमों का उल्लंघन किया गया है। इसके आधार पर वर्मा ने खुद को अखिल भारतीय सेवाएं अनुशासन तथा अपील नियम 1969 के अंतर्गत अनुशासनात्मक कार्यवाही का भागीदार बना लिया है। वर्मा बताएं कि ऐसे कृत्य पर उनके विरुद्ध अखिल भारतीय सेवाएं अनुशासन तथा अपील नियम 1969 के अंतर्गत अनुशासनात्मक कार्रवाई क्यों न की जाए? सरकार ने वर्मा से 7 दिन में जवाब मांगा है।

# तेज रफ्तार का कहर, डंपर ने ई-रिक्शा को मारी टक्कर, 2 की मौत

**नोएडा। वकार सैफी।** एक फिर तेज रफ़्तार जानलेवा साबित हुई है। थाना सेक्टर-39 क्षेत्र के अंतर्गत सेक्टर-49 रेड लाइट के पास एक भीषण सड़क हादसा हुआ है।

यहाँ एक तेज़ रफ़्तार डंपर ने ई-रिक्शा को रौंद दिया, जिससे ई-रिक्शा चालक और उसमें बैठी एक महिला सवारी की दर्दनाक मौत हो गई।

पुलिस ने कार्रवाई करते हुए घटना में शामिल डंपर को ज़ब्त कर लिया है और डंपर चालक को हिरासत में ले लिया है।




बता दे कि यह हादसा मंगलवार को प्रयाग अस्पताल की ओर जाने वाले रास्ते पर हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, डंपर ने ई-रिक्शा में ज़बरदस्त टक्कर मारी। टक्कर इतनी भीषण थी कि ई-रिक्शा के परखच्चे उड़ गए। इस हादसे में ई-रिक्शा चालक और महिला सवारी की मौके पर ही दुखद मृत्यु हो गई। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और कार्रवाई करते हुए घटना में शामिल डंपर को ज़ब्त कर लिया है और डंपर चालक को हिरासत में ले लिया है।

दोनों मृतकों के शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस अभी मृतकों की शिनाख्त करने की कोशिश कर रही है और जिससे उनके परिजनों से संपर्क किया जा सके है।

## एनएचआरएफ ने प्राधिकरण को लिखा पत्र

**नोइडा।** नोइडा हाईराइज फेडरेशन (एनएचआरएफ) ने प्राधिकरण को पत्र लिखा है। पत्र के माध्यम से सेक्टर-119 और सेक्टर-120 में बिगड़ती स्वच्छता के साथ ही यातायात स्थिति का मुददा उठाया है। फेडरेशन के अध्यक्ष निखिल सिंघन ने बताया कि अनधिकृत खाद्य विक्रेताओं और दोनों सेक्टरों को जोड़ने वाली मुख्य सड़कों पर कूड़े के संचय की बढ़ती समस्या का मुदृदा उठाते हुए समाधान की मांग की है। उन्होंने बताया कि बड़े कूड़ा डंप यार्ड और विक्रेताओं द्वारा अतिक्रमण के कारण सड़क के दोनों ओर पैदल चलना लगभग असंभव हो गया है।

# कमिश्नरेट के पुलिस थाने होंगे आधुनिक, बढ़ेंगी सुविधाएं

**नोएडा।** गौतमबुद्धनगर पुलिस कमिश्नरेट कार्यालय और थानों के आईएसओ प्रमाणित होने के बाद अब थानों को पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो (बीपीआरएंडडी) द्वारा प्रमाणित कराने की तैयारी है। संस्था की टीम द्वारा कमिश्नरेट के छह पुलिस थानों को सर्वेक्षण के लिए चयनित किया है।

जल्द ही देशभर के थानों का सर्वेक्षण पूरा करने के बाद प्रमाण पत्र दिया जाएगा। अपर पुलिस आयुक्त सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था राजीव नारायण मिश्रा ने बताया कि भारत सरकार की संस्था बीपीआरएंडडी द्वारा प्रमाणित कराने के लिए जिले के छह थानों का चयन किया गया है। इनमें सेक्टर-63, सेक्टर-58 शनिवार, नॉलेज पार्क, एक्सप्रेसवे, बादलपुर, बीटा टू शामिल हैं।

सेक्टर-63, सेक्टर-58 और बीटा टू थाने का सर्वेक्षण कर लिया है। शेष थानों का भी सर्वेक्षण जल्द पूरा हो जाएगा। उन्होंने बताया कि टीम थानों में व्यवस्था और कामकाज को परखेगी, ताकि पुलिसिंग में सुधार और आधुनिकीकरण किया जा सके। इस पहल का उद्देश्य पुलिस की आवश्यकताओं और चुनौतियों की पहचान करना, अनुसंधान करना और पुलिस व्यवस्था के आधुनिकीकरण के लिए सुझाव देना है।

# ग्रेटर नोएडा में शादी से पहले युवती प्रेमी संग फरार

### लाखों कैश-गहने लेकर भागी, पुलिस ने केस दर्ज किया

जेवर। ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव से एक युवती अपनी शादी से ठीक सात दिन पहले प्रेमी के साथ लाखों रुपये नकद और गहने लेकर फरार हो गई।

इस मामले में युवती के पिता ने गांव के ही एक युवक पर अपनी बेटी को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप लगाते हुए बुधवार को कोतवाली में मामला दर्ज कराया है।

युवती के पिता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनकी बेटी की शादी 30 नवंबर को होनी थी। परिवार शादी की तैयारियों में जुटा था।

इसी बीच, 23 नवंबर की रात उनकी बेटी गांव के ही रोहित नामक युवक के साथ घर से फरार हो गई।

पिता के अनुसार, उनकी बेटी घर से 2 लाख 80 हजार रुपये नकद और लाखों रुपये के दहेज के गहने भी साथ ले गई है।

पीड़ित परिवार ने आरोप लगाया है कि रोहित ने उनकी बेटी को बहला-फुसलाकर अपने साथ भगाया है।

शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपी रोहित के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। बेटी के अचानक गायब होने से परिवार काफी परेशान है, क्योंकि वे लंबे समय से शादी की तैयारियों में जुटे थे और रिश्तेदारों को निमंत्रण पत्र भी बांट दिए गए थे।

कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह ने बताया कि पीड़ित परिवार की शिकायत पर केस दर्ज कर लिया गया है और जल्द ही गायब युवती का पता लगा लिया जाएगा।

# 3 साल में जब्त किए डेढ़ अरब के मादक पदार्थ

### 1700 से अधिक आरोपी गिरफ्तार, कई पर गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई





**गौतम बुद्ध नगर।** गौतमबुद्धनगर पुलिस कमिश्नरेट ने पिछले तीन वर्षों में नशा कारोबारियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। जनवरी 2023 से नवंबर 2025 के बीच पुलिस ने कुल 6865.793 किलोग्राम मादक पदार्थ बरामद किए हैं, जिनकी अनुमानित बाजार कीमत लगभग 1 अरब 46 करोड़ 70 लाख रुपये है।

इस अवधि में 1545 से अधिक मामले दर्ज किए गए और 1700 से ज्यादा आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। इनमें से कई आरोपियों पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (रासुका), गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की गई और उनकी अवैध संपत्ति भी जब्त की गई। नशा तस्करी में इस्तेमाल होने वाले दर्जनों दोपहिया और चारपहिया वाहन भी जब्त किए गए हैं।

पुलिस की जीरो टॉलरेंस नीति के कारण नशे के नेटवर्क पर बड़ा प्रहार हुआ है, जिससे तस्करों के कई गिरोह पूरी तरह ध्वस्त हो गए। डीसीपी नारकोटिक्स शैव्या गोयल ने बताया कि पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह के निर्देश पर जिले में मादक पदार्थों के विरुद्ध लगातार बड़ी कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2023 में नशे का कारोबार करने वाले 660 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था। इस दौरान करीब 2800 किलोग्राम नशीले पदार्थ जैसे चरस, स्मैक, हेरोइन, नशीली गोलियां, एमडीएमए और अल्प्राजोलम पाउडर बरामद किए गए, जिनकी बाजार कीमत लगभग 93 करोड़ 50 लाख रुपये थी।

इसी तरह, वर्ष 2024 में 571 नशा माफियाओं को जेल भेजा गया और उनके कब्जे से 2791 किलोग्राम मादक पदार्थ बरामद हुए। इनकी बाजार कीमत करीब 40 करोड़ 71 लाख रुपये आंकी गई।

जनवरी 2025 से 20 नवंबर 2025 तक 517 नशा माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई की गई है। इस अवधि में 1297 किलोग्राम मादक पदार्थ बरामद हुए हैं, जिनकी बाजार कीमत लगभग 12 करोड़ 50 लाख रुपये है।

# पुलिस ने 2000 से ज्यादा साइबर ठगों को किया गिरफ्तार

### 51 करोड़ रुपये फ्रीज, पीड़ितों को 31 करोड़ रुपये वापस मिले

**गौतम बुद्ध नगर।** नोएडा में गौतमबुद्ध नगर पुलिस कमिश्नरेट साइबर अपराधियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही है। अक्टूबर 2023 से नवंबर 2025 तक पुलिस ने कुल 2,073 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है।

इस दौरान पुलिस ने अपराधियों के खातों में जमा 51.85 करोड़ रुपये फ्रीज कराए हैं। साथ ही, पीड़ितों को 31.67 करोड़ रुपये की ठगी गई रकम



वापस दिलाई गई है। इसके अतिरिक्त, 4,401 मोबाइल नंबर और 453 IMEI ब्लॉक किए गए हैं।

एडीसीपी साइबर क्राइम शैव्या गोयल ने बताया कि पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह के निर्देश पर साइबर अपराधों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। आम लोगों को झांसे में फंसाकर ठगी करने वाले साइबर अपराधियों को लगातार गिरफ्तार किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि पिछले दो वर्षों में 2,000 से अधिक साइबर ठगों को गिरफ्तार किया गया है।

उनके द्वारा इस्तेमाल किए गए बैंक खातों को फ्रीज किया जा रहा है और मोबाइल, लैपटॉप सहित अन्य उपकरणों को ब्लॉक किया गया है। गोयल ने जोर देकर कहा कि किसी भी साइबर अपराधी को बख्शा नहीं जाएगा और ठगे गए पैसों को वापस दिलाने के लिए व्यापक कार्रवाई जारी रहेगी।

## डीएम ने पांच बीएलओ को किया सम्मानित



**गौतम बुद्ध नगर।** जहां एक तरफ एसआईआर को लेकर कुछ बीएलओ इस्तीफा दे रहे हैं और वर्कलोड ज्यादा बता रहे हैं तो वहीं कुछ बीएलओ यह कार्य बड़े ही अच्छे तरीके से कर रहे हैं। ऐसे ही बीएलओ के साथ में आज जिलाधिकारी ने चाय पर चर्चा की। जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी मेधा रूपम ने विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम (4 नवंबर से 4 दिसंबर 2025) में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले पाँच बीएलओ को सम्मानित किया।

# जन शिक्षण संस्थान ने संविधान दिवस पर कार्यक्रम किया

### ग्रेटर नोएडा के मंडपा गांव में जागरूकता अभियान चलाया




**जेवर।** जन शिक्षण संस्थान ने बुधवार को भारतीय संविधान दिवस के अवसर पर ग्रेटर नोएडा के मंडपा गांव में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। यह कार्यक्रम भारत सरकार द्वारा संचालित जन शिक्षण संस्थान द्वारा आयोजित किया गया था।

कार्यक्रम की शुरुआत संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर की गई। इस अवसर पर कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। जूनियर हाई स्कूल मंडपा के प्रधानाचार्य मनोज कुमार ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की, जबकि एलआरसी अकैडमी के प्रबंधक अकिल खान विशिष्ट अतिथि के तौर पर शामिल हुए। अतिथियों ने संविधान के महत्व पर अपने विचार साझा किए और युवाओं को इसके मूल्यों को जीवन में अपनाने का संदेश दिया।

संस्थान के निदेशक वीरेंद्र कुमार ने संविधान दिवस के इतिहास और इसके उद्देश्यों पर विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने प्रतिभागियों को जन शिक्षण संस्थान द्वारा संचालित विभिन्न कौशल विकास गतिविधियों के बारे में भी अवगत कराया।

# नोएडा में निवेश के नाम पर ठगे 2.38 करोड़

### 10 से अधिक बार में 2.38 करोड़ किए ट्रांसफर, स्क्रीन पर दिखा सात करोड़ का मुनाफा

**नोएडा।** शेयर मार्केट में निवेश कर कम समय में ज्यादा मुनाफा कमाने का झांसा देकर साइबर अपराधियों ने एक बुजुर्ग महिला के साथ दो करोड़ 38 लाख रुपए की ठगी कर ली। पूर्व में आईटी कंपनी संचालित करने वाली पीड़िता ने दस से अधिक बार में ठगों के बताए खाते में रकम ट्रांसफर की। महिला की शिकायत पर साइबर क्राइम थाने की पुलिस ने दो तथाकथित आरोपियों के खिलाफ आईटी ऐक्ट और धोखाधड़ी की धारा में केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

थाने में दी शिकायत में सेक्टर-107 के लोटस 300 सोसाइटी में रहने वाली 62 साल की सुमन बनर्जी ने बताया कि पूर्व में वह एक आईटी कंपनी संचालित करती थीं। अभी घर पर ही रहती हैं। इसी साल एक सितंबर को सुमन को स्टॉक मार्केट से संबंधित एक व्हाट्सऐप ग्रुप में जोड़ लिया गया। ग्रुप का संचालन प्रवीण पटेल नाम का व्यक्ति कर रहा था। प्रवीण ने खुद को स्टॉक मार्केट का विशेषज्ञ होने



का दावा किया। उसके द्वारा ग्रुप के सदस्यों को बताया गया कि वह आगामी दिनों में एक वित्तीय एकेडमी खोलने वाला है।

#### एक महीने तक ग्रुप को किया वॉच

इसके लिए वह नए-नए लोगों को ग्रुप में जोड़ रहा है। महिला ने करीब एक महीने तक ग्रुप में होने वाली हर गतिविधि को देखा, पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। इस दौरान कथित विशेषज्ञ प्रवीण महिला समेत अन्य को बताता रहा कि कहां और कैसे निवेश करके मुनाफा कमाया जा सकता है। उसके कहने पर ग्रुप के कुछ सदस्य निवेश भी कर रहे थे और इससे उन्हें मुनाफा भी हो रहा था। वे ग्रुप पर ही मुनाफे का स्क्रीनशॉट साझा कर रहे थे।

#### बैंक अकाउंट भेजे गए

दस अक्टूबर को सुमन ने तय किया वह भी आधिकारिक तौर पर ग्रुप का हिस्सा बनेंगी और स्टॉक मार्केट में निवेश कर मुनाफा कमाएंगी। प्रवीण ने सुमन का इरादा भांप लिया और उसे निवेश करने के लिए और उकसाया। महिला का संपर्क इसी दौरान मोबाइल पर प्रवीण के साथी क्रिस हार्पर से हुआ। उसने महिला को बैंक खाते की जानकारी भेजी और उसी पर रकम ट्रांसफर करने के लिए कहा। निवेश पोर्टल का एक लिंक भी महिला को पास भेजा गया। इसके बाद पोर्टल पर महिला का रजिस्ट्रेशन कराया गया।

#### सात करोड़ दिखी मुनाफे की रकम

उसके नाम से एक खाता भी खुलवाया गया। इसके बाद महिला प्रवीण और हार्पर के कहने पर शेयर खरीदने लगी। स्टॉक मार्केट में उसने निवेश करना जारी रखा। दस से अधिक बार में उसने दो करोड़ 38 लाख 77 हजार 126 रुपये विभिन्न खातों में ट्रांसफर कर दिए। पोर्टल पर निवेश की रकम मुनाफे समेत सात करोड़ के आसपास दिख रही थी। अचानक से महिला को रुपये की आवश्यकता पड़ गई। उसने मुनाफे समेत रकम निकालने का प्रयास किया पर सफलता नहीं मिला।

#### ग्रुप से किया गया बाहर

ठगों द्वारा महिला को बताया गया कि रकम अब 90 दिन बाद ही निकल सकेगी।

साथ ही रकम की पूरी निकासी के लिए कुल राशि का छह प्रतिशत और ट्रांसफर करना होगा। इसपर महिला ने रकम ट्रांसफर करने से इनकार कर दिया। महिला को ग्रुप से बाहर कर दिया गया ।

# यमुना एक्सप्रेसवे पर बस पलटी, 14 यात्री घायल

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र में मंगलवार देर रात यमुना एक्सप्रेसवे पर एक बस पलट गई। दिल्ली से बनारस जा रही इस बस में करीब 60 यात्री सवार थे, जिनमें से 14 गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को उपचार के लिए ग्रेटर नोएडा स्थित राजकीय आयुर्विज्ञान संस्थान (जिम्स) में भर्ती कराया गया है। पुलिस के अनुसार, बस में क्षमता से अधिक यात्री बैठे हुए थे, जिसके कारण बस का संतुलन बिगड़ गया और वह पलट गई। गनीमत रही कि बस एक्सप्रेसवे से नीचे नहीं गिरी, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। दुर्घटना के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई।

राहगीरों की सूचना पर पुलिस और एक्सप्रेसवे सुरक्षा कर्मी तुरंत मौके पर पहुंचे। उन्होंने राहत-बचाव कार्य शुरू किया और घायलों को अस्पताल पहुंचाया।

हादसे के बाद बस चालक और हेल्पर मौके से फरार हो गए। पुलिस उनकी तलाश में जुटी है। कोतवाली पुलिस ने बताया कि प्राथमिक जांच में ओवरलोडिंग की पुष्टि हुई है। मामले की विस्तृत जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

इस हादसे में आदर्श पांडे, सुप्रिया, अरीभा, नसरीन बानो, विनय, विनोद, महेंद्र, अशोक, सचिन, मनोज शशि, कामरा और सक्षम सहित 14 यात्रियों की हालत गंभीर बताई जा रही है। ये सभी यात्री दिल्ली से बनारस और अन्य गंतव्यों की ओर जा रहे थे।

## साबौता गांव में छत पर मिला नवजात

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के जेवर कोतवाली क्षेत्र के साबौता गांव में मंगलवार को एक नवजात शिशु छत पर लावारिस हालत में मिला। ग्रामीणों ने बच्चे के रोने की आवाज सुनकर तलाश शुरू की, जिसके बाद उसे एक मकान की छत पर पाया गया। बच्चा ठंड और कमजोरी के कारण रो रहा था। ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी। जानकारी मिलते ही जेवर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और नवजात को अपनी सुरक्षा में लेकर जेवर के एक अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों ने बच्चे को तुरंत एनआईसीयू में भर्ती कर उसका इलाज शुरू किया। चिकित्सकों के अनुसार, बच्चे की हालत अब पहले से बेहतर है और उसे लगातार निगरानी में रखा गया है। कोतवाली निरीक्षक संजय सिंह ने बताया कि गांव में कई मकानों की छतें आपस में जुड़ी हुई हैं। इस कारण यह पता लगाना मुश्किल हो रहा है कि नवजात को किसने वहां छोड़ा।

# शार्ट न्यूज

## नोएडा में मेदांता अस्पताल का शुभारंभ करेंगे योगी

**नोएडा।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जेवर में बन रहे नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के कामकाज की प्रगति का गुरुवार को जायजा लेंगे। वह अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक भी करेंगे। इसके बाद नोएडा के सेक्टर-50 में बने मेदांता अस्पताल का शुभारंभ करेंगे। मेदांता में दोपहर करीब दो बजे कार्यक्रम होगा। मेदांता अस्पताल करीब 300 बेड का बनाया गया है। 100 बेड आईसीयू के है। भविष्य में अस्पताल 550 बेड का होगा। इससे पहले गाजियाबाद के एक कार्यक्रम में शामिल होंगे। कयास लगाए जा रहे थे कि डीएससी रोड पर बनी भंगेल एलिवेटेड और नोएडा जंगल ट्रेल का उद्घाटन करेंगे। लेकिन कार्यक्रम में बदलाव के बाद अस्पताल के उद्घाटन के बाद वो दिल्ली रवाना हो जाएंगे। इस बीच उनकी जन प्रतिनिधियों के साथ होने वाली बैठक भी निरस्त कर दी गई है। सीएम का हेलीकाप्टर जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट से उड़ान भरकर नोएडा के सेक्टर-113 में बने हेलीपेड पर उतरेगा। यहां से उनका काफिला सड़क मार्ग से मेदांता अस्पताल जाएगा। यहां अस्पताल का निरीक्षण करेंगे। साथ ही डॉक्टर और पैरामेडिकल स्टॉफ के साथ बातचीत करेंगे।

## जेवर में दहेज के लिए महिला को पीटा

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा में दहेज उत्पीड़न का मामला सामने आया है। रबुपुरा कोतवाली क्षेत्र के निलोनी शाहपुर निवासी धर्मपाल ने अपनी बेटी के ससुराल पक्ष पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है। शिकायत के अनुसार, धर्मपाल की बेटी सोनिया की शादी 25 फरवरी 2025 को बुलंदशहर में हुई थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष दहेज को लेकर असंतुष्ट था, जिसके कारण सोनिया को लगातार प्रताड़ित किया जाता रहा। पीड़ित पिता ने बताया कि करीब दो महीने पहले आरोपियों ने सोनिया के साथ मारपीट की और उसे मायके छोड़ दिया। ससुराल पक्ष की ओर से लाखों रुपये दहेज में देने का दबाव बनाया जा रहा है। इसके बाद धर्मपाल ने रबुपुरा कोतवाली में दहेज उत्पीड़न सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज कराया। शिकायत में सोनिया के पति अरुण उर्फ कलुआ, अमरावती, सूरजभान, जयप्रकाश, दुर्गा, भूरा और ललित सहित कुल सात लोगों को नामजद किया गया है। कोतवाली प्रभारी सुजीत उपाध्याय ने बताया कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस का कहना है कि सभी तथ्यों की पुष्टि के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पीड़िता के बयान और मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई आगे बढ़ेगी।

## हड़ताल पर रहे जिले के अधिवक्ता

**ग्रेटर नोएडा।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट बेंच की मांग को लेकर जनपद दीवानी एवं फौजदारी बार एसोसिएशन गौतमबुद्धनगर के अधिवक्ता बुधवार को हड़ताल पर रहे। इससे न्यायिक कामकाज नहीं हो सका। अधिवक्ताओं ने इस मांग से संबंधित ज्ञापन पूर्व मंत्री व सांसद डॉ़ महेश शर्मा को सौंपा। आगामी संसद के शीतकालीन सत्र में पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट बेंच की स्थापना करवाने का प्रस्ताव रखने की मांग की है, ताकि लोगों को सुविधा हो सके ।बार एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रमेंद्र भाटी ने बताया कि पिछले 50 साल से पश्चिम उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट की बेंच स्थापित करने की मांग को लेकर अधिवक्ता और जनता आंदोलन कर रही है, लेकिन अब तक मांग को पूरा नहीं किया गया है। इस कारण पश्चिम उत्तर प्रदेश की जनता को सस्ता और सुलभ न्याय नहीं मिल पा रहा है। लगभग सात सौ किमी दूर इलाहाबाद जाने को मजबूर हैं, जबकि दिल्ली, चंडीगढ़, पंजाब, राजस्थान हाईकोर्ट भी यहां से नजदीक है। सांसद डॉ़ महेश शर्मा से पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट बेंच का प्रस्ताव संसद सत्र में रखने की मांग की है। सांसद ने इस मुद्दे पर आश्वासन दिया है।

## आवासीय सेक्टरों की अधूरी सड़कों का काम पूरा

**ग्रेटर नोएडा।** यमुना सिटी के आवासीय सेक्टरों में ज्यादातर अधूरी पड़ी सड़कों का काम पूरा हो गया है, जिससे इन सेक्टरों में पहुंच अब आसान हो गई है। प्राधिकरण लगातार भूमि अधिग्रहीत कर सेक्टरों में अधूरी सड़कें पूरी कर रहा है। प्राधिकरण के एक अधिकारी ने बताया कि वर्क सर्किल-2 के सेक्टर-22डी और 22ए में कई सड़कें अधूरी पड़ी थी, जिन्हें अब पूरा कर दिया गया है। यहां तक सेक्टर-22डी में बने फ्लैटों के लिए भी सड़क निर्माण हो गया है। शेष सेक्टरों में भी सड़कें व अन्य विकास कार्यों के लिए प्राधिकरण लगातार भूमि अधिग्रहीत कर रहा है ।प्राधिकरण ने बीते दिनों वर्क सर्किल 2 में आठ अधूरी सड़कों को पूरा करने का लक्ष्य रखा था, जिसे जमीन के विवाद सुलझाने के बाद पूरा कर लिया गया है। हालांकि, सेक्टर-18 और 20 में अभी भी काफी सड़के अधूरी पड़ी है, जबकि यह दोनों ही सेक्टर 16 वर्ष पहले विकसित करने शुरू किए गए थे, जिनमें आजतक भी सड़क से लेकर मूलभूत सुविधाओं से लेकर अनेक कार्य अधूरे पड़े हैं।

## लाखों रुपये लेकर सफाई कर्मचारी फरार

**नोएडा।** सेक्टर-66 स्थित मामूरा गांव स्थित एक पीजी में सफाई का काम करने वाले व्यक्ति पर संचालक ने लाखों रुपये चोरी करने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने फेज-तीन थाने में आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। जिला पीलीभीत के निरंजनकुंज कॉलोनी निवासी संजीव कुमार सिंह ने पुलिस को बताया कि वह मामूरा गांव में रहते हैं। यहीं उन्होंने राजेश चौहान के बिल्डिंग को किराए पर लिया है। इस बिल्डिंग में वह इजी स्टे होम के नाम से पीजी का संचालन करते हैं। पिछले दिनों उन्होंने पीजी के कमरों की साफ-सफाई करने के लिए कमल सिंह नामक व्यक्ति को रखा था ।आरोप है कि नौ नवंबर की रात करीब नौ बजे कमल सिंह पीजी में चौथी मंजिल स्थित उनके कमरे से रखे लाखों रुपये लेकर भाग गया। इसके बाद आरोपी ने अपना मोबाइल फोन भी बंद कर लिया। कई दिन तक आरोपी से संपर्क नहीं होने पर संदेह विश्वास में बदल गया। पुलिस का कहना है कि आरोपी का पता नहीं है।

## चोरी की बाइक से वारदात करने वाला लुटेरा गिरफ्तार

**नोएडा।** चोरी की मोटरसाइकिल से मोबाइल और चेन लूट करने वाले बदमाश को फेज दो थाने की पुलिस ने बुधवार को थानाक्षेत्र के सिटी पार्क के पास से दबोच लिया। उसके पास से लूट और चोरी के 11 मोबाइल, एक मोटरसाइकिल, एक सोने की चेन और चाकू बरामद हुआ है। उसके खिलाफ फेज दो थाने में छह केस पूर्व में ही दर्ज हैं। आरोपी के अन्य साथियों के बारे में जानकारी की जा रही है। थाना प्रभारी ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने बुधवार सुबह पश्चिम बंगाल के शुभम मंडल को गिरफ्तार कर लिया। उसपर चोरी और लूट करने का आरोप था ।पूछताछ में उसने स्वीकार किया कि एनसीआर के विभिन्न क्षेत्रों में घूमकर साप्ताहिक बाजारों में व्यक्तियों के मोबाइल फोन, गले की चेन और बाजार में खड़े दो पहिया वाहन चोरी कर लेता है। चेन और मोबाइल लूट भी मौका पाकर करता है। पांचवी कक्षा तक की पढ़ाई करने के बाद वह चोरी करने लगा था। घटना के बाद वह सामान व वाहनों को मौका पाकर सस्ते दाम में बेचकर पैसे कमाता था।

## लगातार तीसरे दिन कम हुआ वायु प्रदूषण

**नोएडा।** वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) मे लगातार तीसरे दिन कमी के बावजूद नोएडा और ग्रेटर नोएडा की हवा बेहद खराब श्रेणी में बनी हुई है। नोएडा का एक्यूआई बुधवार को 350 और ग्रेटर नोएडा का 322 दर्ज किया गया। नोएडा का एक्यूआई 23 नवंबर को गंभीर श्रेणी में रहा था। एक्यूआई 418 था। तीन दिनों में एक्यूआई 68 अंक कम हुआ। यह कमी लगातार रही है। वहीं तीन दिनों में ग्रेटर नोएडा के एक्यूआई में 77 अंक की कमी दर्ज की गई है। तीन दिन पहले शहर का एक्यूआई 399 था। सेक्टर-125 सबसे वायु प्रदूषित स्थान रहा। यहां का एक्यूआई 397 दर्ज किया गया ।इस स्थान पर पीएम 2.5 और पीएम 10 का अधिकतम स्तर 500 तक रहा। सुबह सात से 10 बजे तक आसमान पर स्मॉग रहा। खिली धूप निकलने से दोपहर में आसमान थोड़ा साफ हुआ। शाम चार बजे के बाद से दोबारा वायु प्रदूषण बढ़ने लगा। वायु प्रदूषण करने पर 13 लाख का जुर्माना वायु प्रदूषण करने वालों पर प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने 13.10 लाख का जुर्माना ठोका है। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की टीम ने औचक निरीक्षण के दौरान शहर के 11 स्थानों पर ग्रेप थ्री के नियमों का उल्लंघन पाया।

विशाल इंडिया
हिन्दी दैनिक



गौतमबुद्धनगर
गुरुवार 27 नवंबर 2025
Www.vishalindia.in

# आरोप : पुलिस की लापरवाही से गई युवक की जान, तीन पुलिसकर्मी निलंबित

## एसपी ने दिखाई सख्ती, चौकी प्रभारी गौतम सिंह को दियोरिया कोतवाली की कमान





**बीसलपुर।** दियोरिया कोतवाली क्षेत्र के गांव पंसड़ी में मंगलवार देर रात युवक प्रदीप कुमार की गोली मारकर हत्या किए जाने के मामले में पुलिस की बड़ी लापरवाही उजागर हुई है। घटना के बाद पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव ने तत्काल सख्ती दिखाते हुए थानाध्यक्ष दिगंबर सिंह, हल्का दरोगा अभिषेक यादव और बीट कांस्टेबल अखिलेश यादव को निलंबित कर दिया। वहीं कंबोज नगर चौकी प्रभारी गौतम सिंह को दियोरिया कोतवाली का प्रभार सौंप दिया गया है। एसपी ने अंतिम संस्कार से पहले ही छह टीमों का गठन कर आरोपियों की गिरफ्तारी के निर्देश भी दिए।मृतक की चचेरी बहन द्वारा 15 अप्रैल को दर्ज कराए गए छेड़छाड़ के मुकदमे में पुलिस ने सात माह बीतने के बाद भी कोई गिरफ्तारी नहीं की थी।

पीड़ित परिवार पुलिस को लगातार दबंगों से मिल रही धमकियों की जानकारी देता रहा, लेकिन कार्रवाई न होने से आरोपियों के हौसले बढ़ते गए। युवक प्रदीप कुमार (25) बरेली में रहकर जीएनएम की पढ़ाई कर रहा था और गांव में पूजा समारोह में शामिल होने आया था। सोमवार को ही घर पहुंचा था, तभी मंगलवार देर रात बदमाशों ने घर में घुसकर उसे राइफल से गोली मार दी। पीड़ित पिता सुरेश चंद्र की तहरीर पर पुलिस ने आशीष की मां सहित आठ लोगों मुरारी लाल, मेवाराम, बादशाह, राम औतार पुत्रगण फूलचंद, अमन, शिवम् पुत्रगण मुरारी लाल, सूरजपाल पुत्र बादशाह के विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

# अफेयर में पत्नी की चाकू से गला रेतकर हत्या

## बेटा स्कूल से लौटा तो खून से सनी लाश देखी, प्रतापगढ़ में पुलिस को मिलाया फोन

**प्रतापगढ़।** प्रतापगढ़ में पति ने पत्नी की चाकू से गला रेतकर हत्या कर दी। इसके बाद घर से फरार हो गया। बेटा जब स्कूल से लौटा तो उसने मां की खून से सनी लाश देखी। वह चिल्लाते हुए घर के बाहर की तरफ दौड़ा। इस बीच खुद ही 112 नंबर पर पुलिस को फोन मिलाया।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने महिला के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाया। पड़ोसियों से आरोपी के बारे में पूछताछ की। जांच में सामने आया कि आरोपी का एक महिला से अफेयर था। इसे लेकर पति-पत्नी में आए दिन झगड़ा होता था। घटना नगर कोतवाली क्षेत्र की है। खराद का काम करने वाले जगन्नाथ विश्वकर्मा का परिवार स्टेशन रोड पर रहता है। मकान के नीचे ही उनकी दुकान है। पहली मंजिल पर बेटा संतोष विश्वकर्मा (40) पत्नी मंजू (38) और अपने 3 बच्चों के साथ रहता था। बुधवार सुबह आठ बजे मंजू ने बच्चों को तैयार कर स्कूल भेजा। इसके बाद संतोष भी घर से बाहर निकल गया।

दोपहर तीन बजे जब 13 साल का बेटा आयुष स्कूल से लौटा। तो कमरे में मां की खून से सनी लाश फर्श पर पड़ी देखी। यह देखकर वह घबरा गया। उसने तुरंत डायल- 112 पर पुलिस को सूचना दी।

कोतवाल सुभाष यादव, एएसपी पूर्वी शैलेंद्र लाल और सीओ सिटी प्रशांत राज मौके पर पहुंचे। एसपी दीपक भूकर भी टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। वहां देखा तो मंजू का गला चाकू से रेता हुआ था।

# शार्ट न्यूज

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल

### जिला अस्पताल रेफर, पुलिस जांच में जुटी

**बीसलपुर।** बीसलपुर-रसिया मार्ग पर मंगलवार को अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को 108 एंबुलेंस की मदद से सरकारी अस्पताल लाया गया, जहां से हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। घटना बीसलपुर कोतवाली क्षेत्र के भड़ड़िया मोड़ के पास हुई। अमृता खास निवासी रीतराम पुत्र पोथीराम और संजीव पुत्र श्याम बिहारी किसी कार्य से बाइक से बीसलपुर आ रहे थे, तभी तेज रफ्तार से आए वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से दोनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने बेहतर इलाज के लिए उन्हें जिला अस्पताल भेज दिया।पुलिस अज्ञात वाहन का पता लगाने का प्रयास कर रही है।

## पुलिस ने एक वारंटी को गिरफ्तार किया

**ललितपुर।** सौजना पुलिस ने एक वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन मे जनपद मे अपराध की रोकथाम व गैर जमानती अपराधियो व वारण्टियो की गिरफ्तारी हेतु अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिहं व क्षेत्राधिकारी आशीष मिश्रा के निकट पर्यवेक्षण मे थाना स्थानीय पर बाँछित वारण्टियाँ/अभियुक्तगणो की तलाश हेतु थानाध्यक्ष अजयपाल थाना सौजना के नेतृत्व मे टीम का गठन किया गया। इसी क्रम मे गठित टीम के द्वारा थाना क्षेत्र मे तलाश वांछित अपराधी हेतु भ्रमणशील के दौरान एक वारण्टी अभि0 गण मंजू मिश्रा पुत्र हरचरन मिश्रा उम्र करीब 39 वर्ष नि0 ग्राम गौना थाना सौजना जनपद ललितपुर संबन्धित विशेष सत्र परीक्षण स0 12/19 धारा 323/504/506 आईपीसी 3 (1) दध sc/st Act थाना सौजना माननीय न्यायालय विशेष न्यायाधीश (एससी /एस.टी) एक्ट गिरफ्तार कर वारण्टी/अभियुक्त गणो के विरूद्ध आवश्यक कार्यवाही करते हुये माननीय न्यायालय विशेष न्यायाधीश (एससी/एस.टी) एक्ट के समक्ष पेश किया जा रहा है। गिरफ्तार करने वाली टीम थानाध्यक्ष अजयपाल उ. नि. मुलायम सिंह हे.का. बृजबिहारी सेंगर आदि शामिल रहे।

## गंभीर चोट पहुंचाने पर सात साल का कारावास

**ललितपुर।** पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 लखनऊ के निर्देशन में, पुलिस अधीक्षक, मो0 मुश्ताक द्वारा जनपद में चिन्हित अभियोगों में अपराधियों को शीघ्र अधिक से अधिक सजा दिलाये जाने हेतु प्रभावी पैरवी के लिये सम्बन्धित थाना प्रभारी व पैरोकारों को निर्देशित किया गया था । इसी क्रम में अभियुक्त 01.मुन्ना सोनी उर्फ रामेश्वर पुत्र बालमुकुन्द निवासी तालाबपुरा थाना कोतवाली जनपद ललितपुर के विरूद्ध थाना कोतवाली पर मु0अ0सं0 1059/2015 धारा 323/504/506/326/308 आईपीसी का अभियोग पंजीकृत हुआ था जिसमें डेडीकेटेड टीम गठित कर वैज्ञानिक व तथ्यपरक साक्ष्यों के आधार पर समयवद्ध व गुणवत्तापूर्ण विवेचना संपादित कर अभियुक्त के विरूद्ध आरोप पत्र माननीय न्यायालय प्रेषित किया गया था । पुलिस अधीक्षक ललितपुर द्वारा उपरोक्त प्रकरण की निरन्तर प्रभावी पैरवी करवायी गयी जिसमें कोतवाली ललितपुर पुलिस, कोर्ट पैरोकार व अभियोजन पक्ष के द्वारा अथक प्रयास एवं प्रभावी पैरवी करते हुए दिनांक 26.11.2025 को मा0 न्यायालय एडीजे प्रथम ललितपुर द्वारा अभियुक्त मुन्ना सोनी उपरोक्त को दोषी पाते हुए अन्तर्गत धारा 326/34 आईपीसी के अपराध में 07 वर्ष के कठोर कारावास और 50,500/- रूपये की धनराशि के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है ।

## लखनऊ मामूली कहासुनी के बाद खूनी संघर्ष

**लखनऊ।** लखनऊ पारा के पिंक सिटी गंगा विहार कॉलोनी में बुधवार सुबह हुए विवाद ने रात तक गंभीर रूप ले लिया। स्टेशनरी दुकान संचालक के बेटे से मारपीट की शिकायत लेकर पहुंचे परिजनों को दबंगों ने दौड़ा-दौड़ाकर पीटा। विरोध करने पर दुकान संचालक दीपक मिश्रा के सिर पर धारदार हथियार से हमला कर उन्हें घायल कर दिया। महिलाओं के साथ भी मारपीट की गई और कपड़े तक फाड़ दिए। इस दौरान दहशत फैलाने के लिए हवाई फायरिंग करने का आरोप लगाया गया है। गंगा विहार कॉलोनी निवासी रेणु मिश्रा ने बताया कि उनके पति दीपक मिश्रा पास में स्टेशनरी की दुकान चलाते हैं। सुबह बेटा वैभव चाय देकर लौट रहा था। तभी बाइक तेज चलाने की बात पर समीर खान ने उसे रोककर गाली-गलौज करते हुए पिटाई कर दी। शाम को पिता के आने पर वैभव ने घटना बताई। इसके बाद दीपक अपने भाई अमरदीप, आशीष मिश्रा, आशीष दुबे और महिलाओं के साथ पूछताछ के लिए मौके पर पहुंचे। आरोप है कि वहां मौजूद समीर ने हिन्दू मारने आए हैं चिल्लाते हुए अपने साथियों को बुलाया और सभी ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया। महिलाओं पर भी हमला किया गया और कपड़े फाड़ दिए। परिजन भागकर पास की मेडिकल स्टोर में छुपे। घटना पास लगे सीसीटीवी में कैद हो गई। मौके से एक जिंदा कारतूस भी मिला।

## डीएनए परीक्षण नियमित तरीके से हो सकता : हाईकोर्ट

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने अपने एक आदेश में कहा कि किसी बच्चे के पितृत्व का निर्धारण करने के लिए डीएनए परीक्षण को नियमित तरीके नहीं किया जा सकता। कोर्ट ने कहा कि ऐसा इसलिए निर्देशित नहीं किया जा सकता है क्योंकि कोई पक्ष कानूनी कार्यवाही के दौरान माता-पिता के संबंध में विवाद करता है। न्यायमूर्ति चवन प्रकाश प्रकाश की पीठ ने कहा कि डीएनए परीक्षण के ऐसे आदेश केवल विशिष्ट परिस्थितियों में ही पारित किए जा सकते हैं, जहां प्रासंगिक अवधि के दौरान पक्षों के बीच सहवास की कोई संभावना साबित नहीं होती है। हाईकोर्ट ने इसके साथ ही घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम (डीवी एक्ट) से जुड़े मामले में पति की याचिका खारिज कर दी। अदालत वाराणसी के अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश द्वारा पारित आदेश के खिलाफ पति की पुनरीक्षण याचिका पर विचार कर रही थी, जिन्होंने डीएनए परीक्षण के लिए किसी भी आदेश से इनकार करने वाले विशेष मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा पारित आदेश के खिलाफ पति की अपील को खारिज कर दिया था। यह मामला पत्नी (विपक्षी संख्या 2) द्वारा घरेलू हिंसा अधिनियम की धारा 12 के तहत दायर एक शिकायत से संबंधित था। पति ने दावा किया कि हालांकि उसकी शादी अप्रैल 2008 में विपक्षी से हुई थी, लेकिन वह अपने ससुराल में केवल एक सप्ताह ही रही।

## कोऑपरेटिव बैंक अधिकारी सरकारी सेवक माने जाएंगे

**लखनऊ।** लखनऊ बेंच ने एक महत्वपूर्ण फैसले में कहा है कि कोऑपरेटिव बैंक के अधिकारी भी भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 2 के तहत सरकारी सेवक माने जाएंगे। इसका अर्थ है कि उनके खिलाफ भी इस अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज की जा सकती है। यह निर्णय न्यायमूर्ति अब्दुल मोइन और न्यायमूर्ति बबीता रानी की खंडपीठ ने सुनाया। पीठ ने कोऑपरेटिव बैंक के डिप्टी जनरल मैनेजर सुभाष चंद्र की याचिका को खारिज करते हुए यह फैसला दिया। याची सुभाष चंद्र ने विजिलेंस विभाग द्वारा दर्ज की गई एफआईआर को चुनौती दी थी। उन पर आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने का आरोप है। एफआईआर में कहा गया है कि सुभाष चंद्र ने अपनी आय के ज्ञात स्रोतों से तीन करोड़ रुपये से अधिक की अतिरिक्त संपत्ति बनाई, जिसका वे स्रोत नहीं बता सके। अभियुक्त की ओर से दलील दी गई थी कि उनके विरुद्ध विभागीय जांच हो चुकी है, जिसमें उन्हें क्लीन चिट मिली है। साथ ही, यह भी तर्क दिया गया कि कोऑपरेटिव बैंक के अधिकारी भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 2 के तहत सरकारी सेवक की परिभाषा में नहीं आते। याचिका का विरोध करते हुए वादी के अधिवक्ता ने तर्क दिया कि सर्वोच्च न्यायालय वेंकू रेड्डी के मामले में कोऑपरेटिव बैंक के अधिकारी को पहले ही सरकारी सेवक करार दे चुका है। न्यायालय ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अपने फैसले में कहा कि शीर्ष अदालत के वेंकू रेड्डी मामले में दिए गए फैसले से यह स्पष्ट है कि उत्तर प्रदेश के कोऑपरेटिव बैंक के अधिकारी भी सरकारी सेवक हैं।

# यूपी-112 पुलिस ने नुक्कड़ नाटक और एलईडी वैन से लोगों को किया जागरूक



**ललितपुर ।** ललितपुर में यूपी-112 का जागरूकता अभियान, सुरक्षा, भरोसे को मिला नया आयाम । नुक्कड़ नाटक और एलईडी प्रस्तुति के माध्यम से जनता को डायल- 112 की जानकारी देकर , उसके कार्यों के बारे में विस्तृत रूप से बताया गया । जनता को यह भरोसा दिलाने के लिए कि आपात स्थिति में मदद बस एक कॉल की दूरी पर है, उत्तर प्रदेश पुलिस की आपात सेवा यूपी-112 व जनपद ललितपुर की डायल-112 टीम द्वारा संयुक्त रूप से दिनांक 26.11.2025 को ललितपुर में 'जन-जागरूकता की बात, जन-जन के साथ' अभियान चलाया गया । उच्चाधिकारियो के निर्देश के क्रम में पुलिस अधीक्षक, मो0 मुश्ताक द्वारा चलाए गए इस कार्यक्रम को लोगों का समर्थन मिला और हर वर्ग ने डायल- 112 को अपनी सबसे विश्वसनीय आपात सेवा बताया । इस अभियान में कॉलेज और प्रमुख मार्गों पर लोगों से सीधा संवाद किया गया । 01.नेहरू महाविद्यालय में सुरक्षा जागरूकता। नेहरू महाविद्यालय ललितपुर के परिसर में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सुरक्षा, सतर्कता और समय पर सूचना देने का संदेश दिया गया ।

# यूपी में बिजनेसमैन दूल्हे ने दहेज के 31 लाख लौटाए

**मुजफ्फरनगर।** मुजफ्फरनगर में दूल्हे ने एक अनूठी मिसाल पेश की। उसने दहेज में मिले 31 लाख रुपए लेने से मना कर दिया। दुल्हन के घरवाले रुपए एक थाली में सजाकर लाए थे। लेकिन दूल्हे ने थाली को प्रणाम करते हुए लौटा दिया। कहा- इस पर मेरा हक नहीं है। यह पैसा दुल्हन के पिता की गाढ़ी कमाई है। इसे मैं नहीं ले सकता। दूल्हे का यह फैसला सुनकर सभी भौचक रह गए। लड़के के फैसले पर उनके माता-पिता का भी सिर ऊंचा हो गया। उन्होंने बेटे के फैसले का साथ दिया। वहीं, लड़की के घर वालों ने भी हाथ जोड़कर धन्यवाद किया। इससे शादी की खुशी दोगुनी हो गई। सारी रस्में पारंपरिक तरीके से निभाई गईं। जयमाल हुआ। दूल्हा-दुल्हन को लड़के और लड़की पक्ष के बड़े बुजुर्गों ने आशीर्वाद दिया। नाना ने नातिन का कन्यादान किया।

# विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान में उत्कृष्ट कार्य पर दो बीएलओ सम्मानित

## डिजिटाइजेशन कार्य सर्वप्रथम पूरा करने पर मिला सम्मान



**पीलीभीत।** जिले में चल रहे विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले दो बीएलओ को मंगलवार को जिला निर्वाचन अधिकारी ने सम्मानित किया। बूथ संख्या 117 रामनगरिया के बीएलओ राजेश कुमार और बूथ संख्या 118 बेबी सिंह कॉलोनी की बीएलओ तापसी मंडल को यह सम्मान दिया गया।

दोनों कार्यकर्ताओं ने भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के तहत मतदाताओं से गणना प्रपत्र एकत्र कर उन्हें बीएलओ ऐप के माध्यम से विधानसभा क्षेत्र 128 बरखेड़ा में सर्वप्रथम डिजिटाइज किया। निर्धारित दायित्व को समय से पहले पूरा करने पर जिला निर्वाचन अधिकारी ने इनके कार्यों की सराहना की।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि दोनों बीएलओ द्वारा किया गया कार्य अन्य कार्मिकों के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि भविष्य में भी वे इसी जिम्मेदारी और तत्परता के साथ निर्वाचन संबंधी कार्यों को पूर्ण करेंगे।दोनों सम्मानित कार्मिकों को शुभकामनाएं देते हुए उन्हें आगामी कार्यों में सफलता की कामना भी की गई।

# एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने ट्रैफिक चेकिंग पर किया हंगामा, की नारेबाजी

## सहायक पुलिस अधीक्षक नताशा गोयल ने मौके पर पहुंचकर कराया शांत माहौल, निष्पक्ष जांच का मिला आश्वासन

**पीलीभीत।** नौगवां चौराहे पर बुधवार की दोपहर ट्रैफिक चेकिंग के दौरान एबीवीपी कार्यकर्ताओं और ट्रैफिक पुलिस के बीच विवाद गहरा गया, जिसके बाद चौराहे पर भारी हंगामा और जाम की स्थिति बन गई। एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि ट्रैफिक सीओ ने बिना वजह अभद्रता की और एक छात्र को थप्पड़ मार दिया, जिससे छात्रों का आक्रोश फूट पड़ा।

घटना की जानकारी मिलते ही एबीवीपी कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौके पर पहुंच गए और चौराहे पर बैठकर जाम लगा दिया। छात्रों ने पुलिस के खिलाफ नारेबाजी करते हुए कार्रवाई की मांग की। देखते-देखते नौगवां चौराहे पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और आमजन को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।स्थिति बिगड़ते ही कोतवाली शहर और सुनगढ़ी थाना पुलिस फोर्स मौके पर पहुंची। तनावपूर्ण माहौल को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस बल भी बुलाया गया। इसी दौरान प्रशिक्षु आईपीएस एवं सीओ सदर नताशा गोयल भी घटनास्थल पर पहुंचीं और एबीवीपी पदाधिकारियों व छात्रों से बातचीत शुरू की।

एबीवीपी पदाधिकारियों का कहना है कि ट्रैफिक सीओ ने चेकिंग के नाम पर छात्रों से गलत व्यवहार किया, उनका अपमान किया और एक छात्र को थप्पड़ भी मारा। उन्होंने कहा कि जब तक दोषी अधिकारी पर कार्रवाई नहीं की जाएगी, आंदोलन वापस नहीं लिया जाएगा। प्रशिक्षु आईपीएस नताशा गोयल ने कार्यकर्ताओं को भरोसा दिलाया कि पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराई जाएगी और दोषी पाए जाने पर कार्रवाई सुनिश्चित होगी। आश्वासन मिलने के बाद एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने जाम खोल दिया और स्थिति धीरे-धीरे सामान्य हो गई।

### पुलिस प्रशासन ने कहा जांच के बाद होगी कार्रवाई

पुलिस प्रशासन का कहना है कि चेकिंग के दौरान क्या हुआ, इसकी जांच की जा रही है। मौके पर मौजूद अधिकारियों और प्रत्यक्षदर्शियों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं। जांच रिपोर्ट के आधार पर ही आगे की कार्रवाई तय की जाएगी। नौगवां चौराहे पर उत्पन्न विवाद और हंगामे के बाद अब प्रशासन अलर्ट हो गया है और पूरे मामले की जांच तेजी से आगे बढ़ाई जा रही है।

# प्रयागराज में घर में घुसकर बीएससी छात्रा से छेड़खानी

**प्रयागराज।** प्रयागराज में घर में घुसकर बीएससी छात्रा के साथ छेड़खानी हुई है। आरोपी ने हाथ पकड़कर लड़की को खींचा। अश्लील हरकतें की। विरोध करने पर तमंचा निकालकर धमकी दी। बोला- अगर शांत नहीं हुई तो तेजाब से नहला दूंगा।

लड़की की चीख सुनकर पड़ोसी दौड़े। आरोपी उन्हें देखकर भाग निकला। भागते समय उसने अपनी बाइक वहीं छोड़ दी। पुलिस ने मंगलवार देर रात आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। उसका नाम अय्यूब सिद्दीकी है। घटना करैली थाना क्षेत्र की है। इस घटना के बाद से छात्रा सदमे में है। उसने परिजनों को बताया, अय्यूब नाम का युवक दो महीने से लगातार उससे छेड़छाड़ कर रहा था।

घटना 24 नवंबर की शाम करीब 6:30 बजे की है। छात्रा अपने कमरे में परीक्षा की तैयारी कर रही थी। उसी दौरान घर का मेन दरवाजा जोर से खुला और अय्यूब सिद्दीकी अचानक घर में घुस आया। अंदर आते ही वह सीधे छात्रा के पास पहुंचा, उसका हाथ पकड़कर जोर से खींचने लगा। उसके साथ अश्लील हरकतें करने लगा। उस समय घर पर छात्रा अकली थी।

# पान मसाला कंपनी के मालिक की बहू ने सुसाइड किया

**कानपुर।** देश की एक मशहूर पान मसाला कंपनी के मालिक कमल किशोर की बहू दीप्ति चौरसिया (40) ने दिल्ली में सुसाइड कर लिया। मंगलवार शाम दिल्ली के बसंत विहार में वह अपने घर में फंदे पर लटकी मिली।

कमल किशोर मूलरूप से कानपुर के रहने वाले हैं। दिल्ली पुलिस के मुताबिक, दीप्ति दुपट्टे के सहारे पंखे से लटकी मिली। मौके से एक सुसाइड नोट मिला। इसमें लिखा है- प्यार नहीं, भरोसा नहीं...अब और नहीं सहन हो पाता। बेटे को मां का आशीर्वाद। दीप्ति के मायकेवालों ने खुदकुशी के लिए उकसाने का आरोप लगाया। साल 2010 में कमल किशोर के बेटे हरप्रीत चौरसिया से दीप्ति की शादी हुई थी। दोनों का 14 साल का बेटा भी है। बताया जा रहा है, हरप्रीत ने दो शादी की हैं। दूसरी पत्नी दक्षिण भारतीय फिल्मों की एक्ट्रेस हैं।

दीप्ति चौरसिया के भाई ऋषभ ने न्यूज एजेंसी को बताया कि मेरे जीजा (हरप्रीत) के कई अवैध संबंध हैं। शादी के बाद से ही उनके मेरी बहन से अच्छे संबंध नहीं थे। 2011 में भांजे की डिलीवरी के बाद हमें पता चला कि जीजा और सास मेरी बहन के साथ मारपीट करते हैं।

# लखनऊ में बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी

**लखनऊ।** लखनऊ में राज्य विज्ञान शिक्षा संस्थान के निर्देशन और राज्य परियोजना निदेशक की मौजूदगी में तीन दिवसीय मंडल स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी गुरुवार को शुरू होगी। राजकीय जुबली इंटर कॉलेज में प्रदर्शनी का आयोजन होगा। मंडलीय विज्ञान प्रगति अधिकारी डॉ.दिनेश कुमार ने बताया कि प्रदर्शनी का आयोजन सिटी स्टेशन स्थित राजकीय जुबिली इंटर कॉलेज में सुबह 10 बजे शुरू होगी। छात्र छात्राओं संग शिक्षक भी हुनर का प्रदर्शन करेंगे। प्रदर्शनी में लखनऊ समेत मंडल के सभी छह जिलों के जिला स्तरीय प्रदर्शनी के विजेता हिस्सा लेंगे।

# ललितपुर पुलिस ने मनाया संविधान दिवस

## पुलिस अधीक्षक ने दिलाई संविधान के प्रति निष्ठा की शपथ




**ललितपुर।** बुधवार को जिला के पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने भारतीय संविधान की प्रस्तावना पढ़ते हुए संविधान दिवस मनाया।संविधान दिवस के पावन अवसर पर पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन ललितपुर में अधि0/कर्म0गण को हमारा संविधान, हमारा स्वाभिमान थीम के तहत भारत के संविधान की प्रस्तावना का पाठन व मौलिक कर्तव्यों से अवगत कराते हुए संविधान में निहित मूल्यों और आदर्शों की शपथ दिलाई गई । कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा हमारा संविधान, हमारा स्वाभिमान थीम के तहत समस्त पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को भारत के संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक पाठ कराया गया।

उन्होंने प्रस्तावना की प्रत्येक पंक्ति में निहित न्याय, स्वतंत्रता, समता और बंधुता जैसे मूलभूत सिद्धांतों के महत्व को विस्तार से समझाया । साथ ही पुलिस अधीक्षक महोदय ने सभी उपस्थित पुलिसकर्मियों को मौलिक कर्तव्यों से अवगत कराया तथा बताया कि एक जागरूक नागरिक होने के साथ-साथ पुलिसकर्मी के रूप में ये कर्तव्य राष्ट्र-निर्माण में और भी अधिक महत्व रखते हैं।

# यातायात पुलिस ने छात्र-छात्राओं को किया जागरूक

## राहवीर योजना, हिट × रन व डिजिलॉकर ऐप के बारे में दी जानकारी



**ललितपुर।** राजकीय इंटर कॉलेज में यातायात जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ। पुलिस अधीक्षक, मो0 मुश्ताक के निर्देश के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह व क्षेत्राधिकारी सदर अजय कुमार के निर्देशन में ,यातायात प्रभारी, आलोक कुमार तिवारी द्वारा राजकीय इंटर कॉलेज में छात्र छात्राओं को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। जागरूकता के दौरान सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से छात्रों/ विद्यालय स्टाफ को हेलमेट, सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग, गलत दिशा में वाहन न चलाना, दो पहिया वाहन पर तीन सवारी न बैठाना, सड़क पर स्टंटबाजी न करना, डिजिलॉकर ऐप, राहवीर योजना, हिट एंड रन के मामले में सरकार द्वारा दी जा रही आर्थिक सहायता के बारे में विस्तार से बताया गया। इसी क्रम में यातायात पुलिस ललितपुर द्वारा शहर भर में वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया।

# मेरठ में सगे भाई ने की बड़े भाई की हत्या, चाकू मारकर घर में ही किया मर्डर

**मेरठ।** मेरठ के ब्रहमपुरी थाना के भगवतपुरा में बुधवार रात बड़ी वारदात को अंजाम दिया गया। यहां छोटे भाई ने अपने ही सगे बड़े भाई की चाकू मारकर हत्या कर दी। सूचना पर सीओ ब्रहमपुरी सौम्या अस्थाना सहित थाना पुलिस मौके पर पहुंची। वहीं आरोपी छोटे भाई को पुलिस ने अरेस्ट कर लिया है। भगवतपुरा में विषपाल वर्मा अपने परिवार के साथ रहते हैं। विषपाल की पत्नी की पहले ही मौत हो चुकी है। उनके 3 बेटे हैं। सबसे बड़ा बेटा दिग्विजय अपने परिवार के साथ अलग रहता है। बीच वाला बेटा सचिन और छोटा बेटा दीपक दोनों अपने पत्नी, बच्चों के साथ यहीं एक मकान में रहते हैं। बुधवार रात 9 बजे छोटे बेटे दीपक ने अपने बड़े भाई सचिन को चाकू मार दिया। चाकू उसके पैर में जांघ के पास लगा। घायल हालत में परिजन सचिन को बागपत रोड के केएमसी अस्पताल लेकर गए।

